Ans. (c) – बिजौलिया शिलालेख राजस्थान के भीलवाड़ा जिले बिजौलिया गॉव में स्थित है यह अभिलेख संस्कृत भाषा में है।

● इस अभिलेख में सांभर एवं अजमेर के चौहानों का वर्णन है।

● इस अभिलेख में उस समय के प्राचीन नामों जैसे- जाबालिपुर (जालौर) शाकम्भरी (सांभर) दिल्लिका (दिल्ली) व श्रीमाल (भीनमाल) आदि नगरों का उल्लेख किया गया है।

294. किस इतिहासकार ने चौहानों को ब्राह्मण वंश से उत्पन्न होना माना है-

(a) डॉ. भण्डारकर (b) कनिंघम
(c) डॉ. ओझा (d) सी.वी. वैध

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) – इतिहासकार डॉ. भण्डारकर ने चौहानों को ब्राह्मण वंश से उत्पन्न हुआ माना। डॉ. भण्डारकर एक भारतीय पुरातत्वविद और एपिग्राफिस्ट थे। इसका जन्म 19 नवंबर 1875 को हुआ था।

295. 'गूवक' किस वंश का शासक था-

(a) चाहमान (b) कच्छवाहा
(c) प्रतिहार (d) हाड़ा

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (a) गूवक चौहान वंशी शासक था। यह वासुदेव का उत्तराधिकारी था। गूवक प्रथम ने सीकर में हर्षनाथ मंदिर का निर्माण कराया था। चौहान वंश का संस्थापक वासुदेव को माना जाता है। बिजौलिया अभिलेख के अनुसार, वासुदेव ने सांभर झील का निर्माण कराया था।

296.राजस्थान का प्रथम चौहान राज्य था–

(a) अजमेर (b) रणथम्भौर (c) हाड़ौती (d) नाडोल

उत्तर–(a) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या–राजस्थान का प्रथम चौहान राज्य अजमेर (शाकम्भरी) था जो 7वीं शताब्दी में वासुदेव द्वारा स्थापित किया गया।

297. अजमेर के चौहानों को ....के चौहानों के नाम से भी जाना जाता है।

(a) जालोर (b) रणथम्भौर
(c) सपादलक्ष (d) नाडोल

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (c) – अजमेर के चौहानों को सपादलक्ष (सांभर झील के आस-पास का क्षेत्र) के चौहानों के नाम से भी जाना जाता है। सपादलक्ष का अर्थ होता है सवा लाख ग्रामों वाला क्षेत्र।

298. निम्नलिखित में से कौनसा सोमेश्वर के इतिहास का स्रोत है?

(a) नेणसी की ख्यात (b) गीत गोविन्द
(c) पृथ्वी राज विजय (d) हम्मीर गाथा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (c) सोमेश्वर का इतिहास जानने का स्रोत पृथ्वीराज विजय है। सोमेश्वर, पृथ्वीराज द्वितीय (1164-69) की मृत्यु के बाद, गद्दी पर बैठा था। उसका युद्ध कोंकण में शिलाहार वंशी राजा मल्लिकार्जुन के साथ हुआ था।

299. निम्नलिखित में से कौन सा काल अजयराज-II से सम्बन्धित है?

(a) 905 ईस्वी (b) 320 ईसा पूर्व
(c) 1105 ईस्वी (d) 1305 ईस्वी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (c) अजयराज द्वितीय का कार्यकाल (1105-33 ई0) तक था। वह पृथ्वीराज प्रथम का पुत्र था। उसने अजमेर नगर की स्थापना की थी तथा उसे अपनी राजधानी बनाया था। अजयराज का उत्तराधिकारी अर्णोराज (1133–1155 ई0) था। उसने अजमेर के निकट सुल्तान महमूद की सेना को पराजित किया था। आनासागर झील व पुष्कर में वराह मंदिर का निर्माण करवाया था।

300. राजा अजयपाल किसके संस्थापक थे?

(a) अलवर (b) अजमेर
(c) भरतपुर (d) चित्तौड़

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

RPSC RAS/RTS-1996

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

301. अजमेर शहर का संस्थापक कौन था?

(a) अर्णोराज (b) अजयराज
(c) अजयपाल (d) पृथ्वीराज प्रथम

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा-2020

LDC Exam 12.08.2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

302. अजमेर नगर की स्थापना के पहले अजमेर के चौहानों की राजधानी कौन सी थी?

(a) जालोर (b) साम्भर
(c) सिरोही (d) रणथम्भोर

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Economic Investigator (उद्योग विभाग)-2018

Ans. (b) : अजमेर की स्थापना अजयराज द्वितीय ने 12वीं शताब्दी में की तथा अपनी राजधानी अजमेर स्थानान्तरित की। इसके पहले चौहानों की राजधानी शाकम्भरी थी जो आधुनिक साम्भर नाम से जानी जाती है।

303. किस चौहान शासक ने शाकम्भरी के स्थान पर अजमेर को राजधानी बनाया?

(a) विग्रहराज तृतीय (b) गोविन्दराज तृतीय
(c) अर्णोराज (d) अजयराज

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

304. अर्णोराज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः

(i) अपने राजकाल के प्रारंभ में उसने एक गजनवी आक्रमण को खदेड़ दिया।
(ii) वह मालवा के नरवर्मनको पराजित करने में असफल रहा।
(iii) उसने चालुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज की पुत्री से विवाह किया।
(iv) वह अपने ही पुत्र के द्वारा मारा गया।

अर्णोराज के बारे में उपर्युक्त में से कौन से कथन सत्य हैं?

कूट :

(a) I एवं IV (b) I एवं III
(c) I, II एवं III (d) I, III एवं IV

RPSC-2017